नल-जल योजना के तहत हुए कार्य पर सियासी उबाल

सीएमओ के घर पहुंचे पार्षद पर FIR का मामला , अब आमने सामने आए कर्मचारी और कांग्रेस

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शहर में नल-जल योजना के तहत खुदी पड़ी सड़कें और शुद्ध पेयजल की मांग को लेकर शुरू हुआ वार्डवासियों एवं पार्षद का विवाद राजनीतिक होता जा रहा है। नपा नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद रीतेश जैन आजाद अपने समर्थकों के साथ जब अपनी समस्याएं लेकर सीधे सीएमओ विनोद उन्नीतान के घर जा पहुंचे, तो मामला पानी से बाहर निकलकर सीधे थाने और फिर कलेक्ट्रेट तक जा पहुंचा।

दरअसल नपा सीएमओ विनोद उन्नीतान की शिकायत पर पुलिस ने नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन आजाद और उनके साथियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचने और गाली-गलौच के गंभीर आरोपों में FIRदर्ज कराई है। कार्रवाई के बाद से शहर की सियासत भी





अधिकारी-कर्मचारियों ने कहा नेता विपक्ष की जल्द हो गिरफ्तारी:
बुधवार को नपा उपयंत्री भानू कुशवाह सहित नगरपालिका तमाम अधिकारी-कर्मचारी सीएमओ के समर्थन में लामबंद होकर एसपी ऑफिस पहुंचे। जहां कर्मचारियों ने नेता प्रतिपक्ष की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। वहीं ऐसा न होने पर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है। अब देखना यह होगा कि इस मामले में आगे क्या होता है।

जमकर होना शुरू हो गई है।

अपने पार्षद के समर्थन में उतरी कांग्रेस:

वहीं दूसरी ओर पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर आई है। कांग्रेस ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर दर्ज FIR को राजनीतिक द्वेष करार दिया है और निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी टीम गठित करने की मांग की है। इस मौके पर विधायक इंजी हरिबाबू राय, जिलाध्यक्ष राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाह, वरिष्ठ कांग्रेस अशोक शर्मा बड़े भैया, पार्षद किरण कुशवाह, नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शहर में बना चर्चा का विषय:

चोक-चौराहों से लेकर सोशल मीडिया के हर कोने तक अब यही चर्चा है कि यह लड़ाई जनता के हक की है या राजनीतिक वर्चस्व की। एक तरफ सीएमओ की कार्यप्रणाली के समर्थन में सुर उठ रहे हैं, तो दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष आजाद इस कार्रवाई के खिलाफ हुंकार भर रहे हैं। बहरहाल अशोकनगर की सड़कों पर मचा यह सियासी घमासान फिलहाल थमने का नाम नहीं ले रहा है!

शहर में चल रहा नलजल योजना का कार्य:

उल्लेखनीय है कि शहर में इन दिनों नलजल योजना के तहत पाईपलाईन बिछाई जा रहीं है, जिसके चलते शहर के कई हिस्सों में सड़क खुदी है, तो वहीं कई जगहों पर इनकी भराई की जा रहीं है। वहीं ठेकेदार द्वारा खुदी सड़कों की मरम्मत में की जा रहीं देरी को लेकर अधिकतर स्थानों पर विरोध के सुर उठ रहे है। जिसके चलते आनन फानन में उन स्थानों के गड्डो को भरा जा रहा है।



16 सूत्रीय मांगो को लेकर 37 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर

नवभारत न्यूज

शाढ़ौरा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेशव्यापी आह्वान पर नगर परिषद के सभी 37 सफाई कर्मचारी 16 सूत्रीय मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने सुबह से काम बंद कर दिया। दीपावली की सफाई के दौरान कचरे की मात्रा बढ़ने से नगर में सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। स्थानीय संगठन के अध्यक्ष अभिलेष सांदर ने बताया कि सभी सफाई कर्मचारियों की काम बंद हड़ताल की सूचना जिला कलेक्टर को दी गई है। यह हड़ताल प्रदेश संगठन के आह्वान पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले भी स्थानीय समस्याओं को लेकर सफाई कर्मचारियों ने पांच दिन तक हड़ताल की थी। उस समय दो माह के भीतर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन मिलने पर कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी थी। वर्तमान हड़ताल प्रदेशस्तरीय मांगों के समर्थन में है। त्योहार से पहले घरों और प्रतिष्ठानों की सफाई का कचरा खुले स्थानों पर डाला जा रहा है। ऐसे में नियमित सफाई और कचरा उठाव बंद रहने से नगर परिषद के सामने सफाई व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती बढ़ सकती है।

एक नजर में

फरार स्थाई वारंटी महिला गिरफ्तार

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस लगातार स्थाई वारंटियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी अभियान के तहत थाना चंदेरी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रही स्थाई वारंटी श्रीबाई उर्फ राजश्री बाई आदिवासी निवासी ग्राम बैंहटी को गिरफ्तार कर लिया।

उल्लेखनीय है कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चंदेरी द्वारा जारी प्रकरण क्रमांक 409/2026 के वारंटी को पुलिस टीम ने पकड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत यादव और उनकी पूरी टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

माधव महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता पर प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित

चंदेरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और निर्वाचन साक्षरता कार्यक्रम के तहत शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया विषय पर एक भव्य प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज में मतदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर निर्वाचन साक्षरता का संदेश देना था। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं से 10 टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान हमारा मौलिक अधिकार है, जो हमें लोकतंत्र में सशक्त नेतृत्व चुनने का अवसर देता है। कायक्रम अधिकारी प्रो. अजीत चौरसिया ने प्रतिभागियों को मतदाता सूची निर्माण और नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया की महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. ज्योति राजौरिया, डॉ. सोनू चौहान और डॉ. हरनाम सिंह ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. विक्रम बिलवाल ने किया, जबकि परिणामों की घोषणा डॉ. संजीव राजपूत द्वारा की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनमोल गिरी गोस्वामी और अर्जुन सिंह अहिरवार का समूह, द्वितीय स्थान मनीषा कुशवाह और सुहाना कुशवाह का समूह और तृतीय स्थान पूनम आदिवासी और आरती अहिरवार के समूह को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में मीडिया प्रभारी प्रो. लक्ष्मीकांत राय ने प्राचार्य, निर्णायकगण, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

तूमैन में RSS का भव्य पथ संचलन

अशोकनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के मंडल तूमैन में भव्य और अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाकर संचलन किया, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में सराबोर हो उठा। संचलन के उपरांत आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रवि शर्मा का ओजस्वी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने संघ की 100 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों और चुनौतियों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज को सशक्त और संगठित बनाने के लिए संघ के पंच परिवर्तन—सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य को प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना होगा। उन्होंने स्वयंसेवकों से राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी दिलीप रघुवंशी, प्रहलाद यादव, भूपेंद्र रघुवंशी सहित अनेक पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

242 पेंशनर्स से अधिक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र हुए जमा

अशोकनगर। भारतीय स्टेट बैंक शाखा स्टेशन रोड और सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को वेदांत भवन में एक विशेष मिलन समारोह एवं डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य प्रबंधक राजेंद्र कुमार पाठक और उप प्रबंधक अटल प्रकाश शर्मा ने बैंक संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और पेंशनर्स को आश्वस्त किया कि बैंक उनकी सेवाओं के लिए सदैव तत्पर है। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों जैसे पहचान पत्र, पीपीओ नंबर और मोबाइल नंबर के जरिए एसबीआई की दोनों शाखाओं के लगभग 15 सहायकों ने स्पॉट पर मात्र 1 से 2 मिनट में 242 से अधिक पेंशनर्स के जीवन प्रमाण पत्र सफलत जमा किए। प्रमाण पत्र जमा होते ही मोबाइल पर तुरंत एसएमएस संदेश प्राप्त हुआ। वहीं जीवन प्रमाणन के साथ-साथ पैथोलॉजिस्ट सुजीत यादव और उनके सहयोगियों द्वारा सभी पेंशनर्स की बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अतिरिक्त, एसबीआई के सौजन्य से सभी उपस्थित पेंशनर्स के लिए स्वल्पाहार की उत्तम व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश विरथरे ने संगठन की वर्षभर की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए नए सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संगठन की सदस्यता लेने की अपील की।

कलेक्टर ने ग्राम नारायणपुर का किया औचक निरीक्षण, लापरवाहों को जारी किए नोटिस

स्कूल, आंगनवाड़ी, राशन दुकान देखी
पंचायत भवन की जांची व्यवस्थाएं

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत नारायणपुर का औचक भ्रमण कर शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, जनपद सीईओ शैलेंद्र यादव और तहसीलदार संतोष धाकड़ उनके साथ मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बीवीजीरामजी योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी



प्रगति पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री और रिकॉर्ड उपलब्ध न कराने पर पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चे न मिलने और वजन पंजी अपडेट न रहने पर कार्यकर्ता तथा नियमित भ्रमण न करने पर सेक्टर सुपरवाइजर को भी नोटिस थमाने के निर्देश जारी किए गए। वहीं गांव में स्वामित्व योजना के 80 प्लॉटों में से 68 का निष्पादन पूरा पाया गया। कलेक्टर ने शेष 12 प्लॉटों का कार्य आगामी 06 नवंबर 2026 तक हर हाल में पूरा कर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का अल्टीमेटम दिया।

भोजन की जांची गुणवत्ता:

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से सवाल-जवाब कर शिक्षा का स्तर परखा और संतोषजनक प्रदर्शन पर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता मीनू अनुसार बनाए रखने, परिसर में साफ-सफाई रखने तथा जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए।

उचित मूल्य दुकान और पंचायत भवन का लिया जायजा:

कलेक्टर ने राशन दुकान का निरीक्षण कर सेल्समैन को रिकॉर्ड अपडेट रखने और मॉनिटरिंग समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने की हिदायत दी। साथ ही निर्माणाधीन पंचायत भवन का कार्य गुणवत्ता के साथ एक माह में पूरा करने का समय निर्धारित किया।

जूनियर लायनेस लिटिल स्टार्स क्लब ने जरूरतमंदों के साथ मनाई दिवाली

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। दीपावली के पावन पर्व पर जूनियर लायनेस लिटिल स्टार्स क्लब द्वारा खुशियों की दिवाली नामक विशेष सेवा प्रकल्प का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक तंगी से जूझ रहे जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाना था।

क्लब की चेयरपर्सन सोनम सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में नन्हे सदस्यों याशिका सेन, विधि गोयल, ऋषिका अग्रवाल, तरन कौर, दिव्यांशी शर्मा और सिद्धि रघुवंशी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार मिठाइयां, फल, बिस्किट, कपड़े, जूते-चप्पल, गर्म कपड़े, थर्मल, दीपक और खाद्य तेल जैसी आवश्यक सामग्रियां एकत्रित कर जरूरतमंद परिवारों को वितरित कीं। इस कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल और डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अलका अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही सपना सेठ, दीपा रघुवंशी और रुचि गुप्ता ने भी सहभागिता कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में बचपन से ही संवेदनशीलता, सेवाभाव और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। दीपावली का असली आनंद दूसरों के जीवन में खुशियां बांटने से ही पूरा होता है। अंत में चेयरपर्सन सोनम सोनी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

19 नवंबर के दिल्ली धरने को सफल बनाने शहर में जुटे ड्राईवर, भरी हुंकार

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ मध्य प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा ग्वालियर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष योगेश शर्मा हरियाणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन मध्य प्रदेश महामंत्री हरिसिंह रघुवंशी (हैरी) ने किया। बैठक में मध्य प्रदेश के 7 जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि आगामी 19 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित देशव्यापी महाधरने में मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में प्राइवेट ट्रांसपोर्ट चालक एवं श्रमिक दिल्ली पहुंचेंगे। चालक कल्याण बोर्ड के गठन की



मांग:

अखिल भारतीय अध्यक्ष योगेश शर्मा ने चालकों के लिए चालक कल्याण बोर्ड के गठन की आवश्यकता और उससे होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार चालकों की न्यायसंगत मांगें पूरी नहीं करती है, तो संगठन केंद्रीय परिवहन मंत्री के आवास के सामने धरना देने के लिए विवश होगा। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री बसंत पुरोहित, बीएमएस विधिक सलाहकार सुधीर चतुर्वेदी, विभाग प्रमुख सुरेंद्र सिंह भदौरिया, अखिल भारतीय मंत्री युवराज सिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष विजय राठौर एवं जिला सहमंत्री प्रदीप दीक्षित सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

धान की पराली से बनेगा बायो डीजल

दो कंपनिया खेतों में बना रहीं पराली के बडंल
अब तक पांच सौ वीघा में बनाए

नवभारत न्यूज

बहादुरपुर। धान की खेती के लिए मशहूर बहादुरपुर क्षेत्र में अब किसानों ने फसल कटाई के बाद पराली को जलाने से तौबा कर ली है। प्रशासन की सख्ती के बाद किसानों में आई जागरूकता से अब जलते हुए खेतों की तस्वीर बदल गई है। इन दिनों क्षेत्र के करीब पांच सौ बीघा खेतों में पराली से बंडल बनकर तैयार हो गए हैं। पराली को बनाने के लिए दो कंपनियां लगी हुईं हैं, जिन्होंने क्षेत्र के सिरसोरा गांव में प्लांट बनाया है। एक कंपनी गोरा, बाबरोद, नरखेड़ा, बर्री, खोपरा, सोपरा, खिरिया खुर्द सहित अन्य



गांवों में काम कर रही है। वहीं एक दूसरी कंपनी सुमेर, झागर बमुरिया, हारुखेड़ी, बेरखेड़ी, कुकावली, खैरखाड़ी आदि गांवों में काम कर रही है। किसान गुरुजेंट सिंह, सोनू सिंह, निर्दोष यादव ने बताया कि इससे खेतों में पराली नाममात्र की रह जाती है, पूरी तरह सफाई हो जाती है। हालांकि कंपनी द्वारा कुछ दिया नहीं जा रहा।

पराली से बनता है बायो ईंधन:

बता दें कि धान की पराली से बायो ईंधन सहित अन्य जैविक उत्पाद बनते हैं। शासन द्वारा लम्बे समय से पराली को जलाने के बजाय इसके अन्य उपयोग करने के लिए जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है। वहीं पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना, किसान सम्मान निधि से निलंबन आदि कार्रवाई की जा रही हैं।

आयोजन

गुरुकुल श्री नवचेतन स्कूल में प्रतियोगिता संपन्न

विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में शहर की तायडे कॉलोनी स्थित गुरुकुल श्री नवचेतन विद्या मंदिर हाई सेकेंडरी विद्यालय में रंगोली एवं थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी सृजनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता, स्वच्छ भारत अभियान, मेरा भारत देश महान, किताबों में दफन हुए, समय की बचत (सेव टाइम), मां की ममता, अंधविश्वास, सेवा संकल्प अभियान, डिजिटल इंडिया तथा देश की एकता और अखंडता जैसे



सामाजिक एवं राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर आकर्षक और संदेशप्रद रंगोलियां बनाई। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोलियों ने न केवल सभी का मन मोह लिया, बल्कि विभिन्न सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। वहीं थाली सजाओ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दीपक एवं थालियों को आकर्षक ढंग से सजाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों ने पूरी लगन, मेहनत और उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। उनकी सृजनात्मकता और सुंदर प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर गिर्राज शर्मा एवं प्राचार्या मोनिका शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में संगीता देशपांडे, नैना कौर, रितिका लोधी, किलविंदर कौर, संजना ओझा, अमित परचैया, वीरेंद्र चंदेल, अजय रघुवंशी, अरुण ओझा, अमित कुशवाह, दीपक कुशवाह, ज्योति जैन, खुशी जाटव, भवनदीप कौर, साक्षी जाटव, आलिया कुरैशी, प्रीति मैम, वैष्णवी मैम, अंजना मैम सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

रबी उपार्जन समिति की बैठक संपन्न

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेंस कक्ष में आगामी रबी सीजन हेतु उपार्जन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि, सहकारिता और मार्कफेड के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में रबी सीजन 2026-27 के लिए खाद की उपलब्धता और उसके वितरण व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सोसायटीवार खाद की स्थिति, खरीफ सीजन में ई-टोकन के माध्यम से हुए खाद वितरण, डबल लॉक सेंटर्स तथा व्यापारियों द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई गई खाद के आंकड़ों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान स्पष्ट किया कि जिले में एनपीके और एसएसपी खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।